<u>महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में पॉंच-दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण सम्पन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा विभाग द्वारा प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में *दिनांक 12 से 16 फरवरी,2018 तक पांच-दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण* आयोजित किया गया। श्री बिष्णुचरण त्रिपाठी,महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.संस्थान/ राजभाषा/मासंवि) ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रशिक्षण में मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों/इकाइयों के कुल 15 कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर एवं श्री उदयनाथ बेहेरा,पूर्व प्रबंधक (राजभाषा),एमसीएल ने आमंत्रित संकाय सदस्य के रूप में भाग लिया। प्रशिक्षण में संकाय सदस्यों ने निम्न विषयों पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया :

(1) *सामान्य हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के प्रकार, अनुवाद की सामान्य प्रक्रिया एवं विधियां।*
(2) *कंप्यूटरीकृत अनुवाद की विधियां।*
(3) *एमसीएल के वार्षिक लेखा प्रतिवेदन के अनुवाद के तौर-तरीके तथा अभ्यास।*

दिनांक 16.02.2018 को कार्यक्रम के समापन दिवस पर श्री बिष्णुचरण त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि.संस्थान/ राजभाषा/मासंवि) एवं श्री डी.के. पाणिग्राही, महाप्रबंधक (कार्मिक), एमसीएल उपस्थित हुए एवं दोनो ने कार्यक्रम की सराहना की एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर राजभाषा कार्यों में बढ़ोत्तरी करने की सलाह दी।

वी.सी.त्रिपाठी

MCL
अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम
स्थान : प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, आनंद बिहार
दिनांक - 12.02.18 से 16.02.18 तक